फ़ूड स्टैम्प्स

जॉर्जिया फ़ूड स्टैम्प्स प्रोग्राम, जो संघीय रूप से पूरक पोषाहार सहायता प्रोग्राम (Supplemental Nutrition Assistance Program - **SNAP**) के रूप म जाना जाता है, वो संघ द्वारा वित्त-पोषित प्रोग्राम है जिसमें कम-आय वाले परिवारों को भोजन की लागत के भुगतान में मदद करने के लिए मासिक लाभ प्रदान किया जाता है। परिवार अकेला रहने वाला व्यक्ति, परिवार, या कुछ असंबंधित व्यक्ति हो सकते हैं जो एक साथ रह रहे हैं और नियमित रूप से भोजन साथ-साथ ख़रीदते और तैयार करते हैं। फ़ूड स्टैम्प लाभ के लिए कोई भी आवेदन कर सकता है। यह प्रोग्राम सीमित आय और साधनों वाले परिवारों की मदद करता है।

SNAP लाभ के लिए आवेदन कैसे करें:

चरण एक: तैयारी करें
पात्रता की अपेक्षाओं के बारे में ज़्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए यह दस्तावेज़ देखें: SNAP Benefits in Georgia (जॉर्जिया में SNAP लाभ)।

चरण दो: लाभ के लिए आवेदन-पत्र भरें और जमा करें
आवेदन कैसे करें:

1. यहाँ दिया गया आवेदन-पत्र डाउनलोड करें:

अंग्रेजी

या

कागज़ के आवेदन-पत्र का अनुरोध करने के लिए आप अपने स्थानीय DFCS कार्यालय पर जाकर, या 877-423-4746 पर ग्राहक संपर्क केंद्र को फ़ोन करके यह कह सकते है कि एक आवेदन-पत्र आपको डाक से भेज दिया जाए।

आवेदन-पत्र तब भरा हुआ माना जाता है जब उसमें परिवार के मुखिया का नाम, पता, तिथि और परिवार के मुखिया या परिवार के किसी अन्य सदस्य के हस्ताक्षर होते हैं और उसे विभाग द्वारा प्राप्त कर लिया जाता है।

2. आवेदन-पत्र डाक या व्यक्तिगत रूप से अपने स्थानीय परिवार और बाल सेवा विभाग (Department of Family and Children Services -DFCS) कार्यालय में जमा करें। आपको अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय की संपर्क जानकारी की सूची यहाँ मिल सकती है।

चरण तीन: साक्षात्कार

आपका आवेदन-पत्र दाखिल हो जाने के बाद, DFCS का कर्मचारी आप या आपके परिवार के सदस्य का साक्षात्कार करेगा। जिस व्यक्ति का साक्षात्कार किया जा रहा है, उसे आपके परिवार की स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। फ़ोन पर साक्षात्कार की ज़रूरत होती है।

विशेष अधिसूचनाएँ:

गैर-भेदभाव वक्तव्य:

संघीय नागरिक अधिकार क़ानून और अमेरिकी कृषि विभाग (U.S. Department of Agriculture -USDA) के नागरिक अधिकार नियमों और नीतियों के अनुसार, USDA, इसकी एजेंसियों, कार्यालयों, और कर्मचारियों, और USDA प्रोग्राम में भाग लेने वाले या उनका प्रशासन करने वाले संस्थानों पर USDA द्वारा आयोजित या वित्त-पोषित किसी प्रोग्राम या गतिविधि में जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, यौन, धार्मिक पंथ, विकलांगता, उम्र, राजनीतिक मान्यताओं, या पूर्व नागरिक अधिकारों में गतिविधि के लिए प्रतिशोध या प्रतिकार के आधार पर भेदभाव करना निषिद्ध है।

विकलांगता वाले व्यक्तियों को प्रोग्राम की जानकारी के लिए संचार के वैकल्पिक साधनों (जैसे ब्रेल, बड़ा प्रिंट, ऑडियो टेप, अमेरिकी सांकेतिक भाषा, आदि) की ज़रूरत है, उन्हें उस एजेंसी (राज्य या स्थानीय) से संपर्क करना चाहिए जहाँ उन्होंने लाभ के लिए आवेदन किया है। जो व्यक्ति बधिर हैं, अथवा जिन्हें सुनने में परेशानी होती है अथवा बोलने में अक्षम हैं, वे (800) 877-8339 पर फ़ोन करके फ़ेडरल रिले सर्विस द्वारा USDA से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रोग्राम के बारे में जानकारी अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

प्रोग्राम में भेदभाव के शिकायत दर्ज करने के लिए, USDA Program Discrimination Complaint Form (AD-3027) भरें जो ऑनलाइन यहाँ: http://www.ascr.usda.gov/complaint_filing_cust.html, और किसी USDA कार्यालय में मिल सकता है, या USDA को संबोधित करके पत्र लिखें और पत्र में वह सब जानकारी दें जो फ़ॉर्म में माँगी गई है। शिकायत पत्र की प्रति का अनुरोध करने के लिए, (866) 632-9992 पर फ़ोन करें। USDA को अपना भरा गया फ़ॉर्म या पत्र यहाँ जमा करें:

(1) डाक से: U.S. Department of Agriculture
Office of the Assistant Secretary for Civil Rights
1400 Independence Avenue, SW
Washington, D.C. 20250-9410;

(2) फ़ैक्स: (202) 690-7442; or

(3) ईमेल: program.intake@usda.gov.

यह संस्थान समान अवसर प्रदान करता है।

आप DFCS Civil Rights Program, Two Peachtree Street, N.W., Suite 19-248, Atlanta, Georgia 30303 पर संपर्क करके अथवा (404) 657-3735 नंबर पर फ़ोन करके या (404) 463-3978 पर फ़ैक्स करके भी भेदभाव संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। अंग्रेज़ी का सीमित ज्ञान रखने वालों और कर्मेन्द्रियों की सीमित क्षमता वालों की सेवा के लिए, DSH Limited English Proficiency and Sensory Impaired Program से इस पते पर संपर्क करें: Two Peachtree Street, N.W., Suite 103-29, Atlanta, Georgia 30303 अथवा (404)-657-5244 पर फ़ोन करें या (404)-651-6815 पर फ़ैक्स करें।

FNS से अवांछित कॉल संबंधी नोटिस:

आम जनता से ऐसी रिपोर्ट मिली है कि उन्हें ऐसी अवांछित फ़ोन मिलती हैं जो ऐसी प्रतीत होती हैं कि SNAP टोल फ्री जानकारी हॉटलाइन नंबर : 1-800-221-5689 से आई हैं. अवांछित कॉलर SNAP आवेदन-पत्र या गृह सुरक्षा प्रणाली जैसी अन्य गैर-SNAP संबंधी सेवाओं के आवेदन-पत्र भरने में मदद की पेशकश करके निजी जानकारी का अनुरोध करते हैं। अवांछित कॉलर को कभी भी फ़ोन पर निजी जानकारी या अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर न दें। "जाली" SNAP टोल फ़्री जानकारी हॉटलाइन नंबर वाली इस बाहर संस्था का FNS या SNAP के साथ संबद्ध नहीं है। अगर आपको संदेह है कि आपको 1-800-221-5689 से नाजायज फ़ोन मिल रही हैं, तो आप FCC में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अगर आप पहले ही इसके या इसके समान घोटाले का शिकार हो गए हैं, तो पहचान की चोरी पर ज़्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया विज़िट करकें: http://www.ftc.gov/bcp/edu/microsites/idtheft/